आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.02.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना'' का शुभारंभ किया। डीबीटी के माध्यम से 484 लाभार्थियों के खातों में तीन करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की धनराशि भेजी।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश में पर्यटन सर्किट के विकास को ध्यान में रखते हुए हैलीपैड और हैलीपोर्ट सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया।
- महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत खाद्य सामग्री में मिलावट रोकने के लिए हरिद्वार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया।
- सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरुकता कार्यशालाओं का आयोजन।

.........

एकल महिला रोजगार योजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में ''मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना'' का शुभारंभ किया। उन्होंने योजना के पहले चरण में बागेश्वर, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी, टिहरी और उधमसिंहनगर जिलों की 484 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में तीन करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की धनराशि डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजी। शेष सात जिलों की 540 महिलाओं को भी लगभग चार करोड़ की धनराशि इस महीने के अंत तक डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में सरकार ने विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा या किसी भी कारण से अकेले जीवन का भार उठाने वाली महिलाओं के साथ एसिड अटैक, आपराधिक घटना की पीड़िता और ट्रांसजेंडर्स को भी शामिल किया है। उन्होंने कहा यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा यह योजना प्रदेश में एकल महिलाओं की तस्वीर बदलने का काम करेगी।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश में पर्यटन सर्किट के विकास को ध्यान में रखते हुए हैलीपैड और हैलीपोर्ट सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। आज सचिवालय में उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की हवाई सम्पर्क योजना की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में हवाई सम्पर्क के विस्तार की सम्भावनाएं तलाशने के लगातार प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने पिथौरागढ़ जिले के आदि कैलाश, नाभिढांग और जॉलीकॉंग को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सहस्त्रधारा से पूर्णागिरी के लिए भी हवाई सेवा शीघ्र शुरू किए जाने की बात कही। बैठक में सचिव, सचिन कुर्वे ने कहा कि प्रदेश में हेलीपैड और हेलीपोर्ट विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को नैनीसैनी हवाई अड्डा सौंप दिया जाएगा।

इंस्पायर अवार्ड

बागेश्वर के पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी समारक राजकीय इंटर कॉलेज में आज जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक दीप जोशी ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड का मंच नन्हें वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम के जिला समन्वयक राजीव निगम ने बताया कि इस वर्ष जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 52 विद्यार्थियों का चयन किया गया जिला स्तर से चयनित 10 प्रतिशत विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

छापेमारी

महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए खाद्य सामग्री में मिलावट रोकने के लिए हरिद्वार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि उपायुक्त, गढ़वाल आर.एस रावत के नेतृत्व में विभाग की टीम ने इब्राहिमपुर स्थित पनीर और दही निर्माण इकाई पर छापा मारा। इस दौरान फैक्ट्री बिना फूड लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित पाई गई, जिस पर उसे अग्रिम आदेशों तक बंद करा दिया गया। मौके से पनीर और दही के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजे गए। श्री जोशी ने बताया कि कांवड़ पटरी मार्ग चंडी पुल से चिड़ियापुर तक अस्थाई खाद्य स्टॉलों और भंडारों का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान टीम ने रेट लिस्ट चस्पा करने, कूड़े के उचित निस्तारण और खाद्य पंजीकरण के निर्देश दिए।

वहीं औद्योगिक क्षेत्र में कोल्ड ड्रिंक के दो गोदामों से जांच के लिए नमूने लिए गए और अनियमितताओं पर नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा पंत द्वीप पार्किंग क्षेत्र में 12 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें तीन को फूड लाइसेंस न होने पर नोटिस दिए गए।

<u>सुरक्षित इंटरनेट दिवस</u>

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यशालाओं के माध्यम से सरकारी कार्मिकों और छात्र–छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। चम्पावत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित बूरा ने डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग, साइबर अपराध आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उधर, पिथौरागढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी व पासवर्ड की सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। छात्रा तस्लीम फातिमा ने बताया कि कार्यशाला में उन्हें इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं, जो भविष्य में बेहद लाभदायक होंगी।

वहीं, देहरादून और नई टिहरी में आयोजित कार्यशालाओं में अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं को इन्टरनेट के सुरक्षित उपयोग व साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई।

<u>मेयर निरीक्षण</u>

देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल ने नगर निगम परिसर स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की व्यवस्था, साफ–सफाई और स्टाफ की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शहरवासियों को निःशुल्क और सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके तहत सामान्य बीमारियों का निःशुल्क उपचार, मुफ्त दवाइयां, रक्त–चाप और मधुमेह की जांच, महिला व बाल स्वास्थ्य सेवाएं और टीकाकरण जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। महापौर ने कहा कि इस प्रकार की सुविधाओं से बड़े अस्पतालों पर दबाव कम होगा और नागरिकों को उनके घर के पास ही इलाज उपलब्ध होगा।